# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

**(चौदहवां सत्र)**

**लिखित उत्तर हेतु प्रश्न**

## शुक्रवार, 31 मार्च, 2017/ 10 चैत्र, 1939 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** ].

**कुल प्रश्न** - 12

----

### पार्वती जल विद्युत परियोजना

1720 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू) :**
**श्री गोविन्द सिंह ठाकुर(मनाली) :**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि दिनांक 20-11-1998 को सरकार द्वारा नेशनल हाइड्रो इलैक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन के साथ पार्वती जल विद्युत परियोजना के लिए MOU हस्ताक्षरित किया गया था; यदि हां, तो इसकी प्रति सभा पटल पर रखें;

(ख) यह भी सत्य है कि इस MOU की शर्त 13 को NHPC लागू नहीं कर रही है;

(ग) यदि हां, तो सरकार क्या इस शर्त को लागू करने का विचार रखती है ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार प्राप्त हो सके ; और

(घ) एलायन दुहांगन हाइड्रो पावर परियोजना (प्रीणी) द्वारा क्या अग्निशमन केन्द्र मनाली को फायर टेंडर उपलब्ध करवाएं हैं; यदि हां, तो कितने; ब्यौरा तिथिवार दें?

----

## भुन्तर-मणीकर्ण-पुलगा सड़क

1721 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि भुन्तर-मणीकर्ण-पुलगा सड़क को केन्द्र सरकार की भारतमाला योजना के अन्तर्गत नेशनल हाइवे में अपग्रेड करने की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है; और

(ख) सरकार इस सड़क का क्या घाटी के अंतिम गांव नक्थाण व रूद्रनाग तक विस्तार करने का विचार रखती है?

----

## खेलों को प्रोत्साहन

1722 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार ने क्या खेलों को प्रोत्साहित करने हेतु खेल नीति बनाई है; यदि हां, तो प्रति सभा पटल पर रखें;

(ख) गत तीन वर्षों में कितने उत्कृष्ट खिलाड़ियों को रोज़गार दिया गया; खेलवार सूची दें; और

(ग) प्रदेश में कितने राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं तथा कितने पदक विजेता हैं; ब्यौरा दें?

----

## विभिन्न पाठशालाओं हेतु धनराशि

1723 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) मनाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल कितनी प्राथमिक व माध्यमिक पाठशालाएं हैं;

(ख) यह सत्य है कि विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए शिक्षा विभाग, सर्व शिक्षा अभियान और अन्य मद द्वारा जारी की गई धनराशि खर्च नहीं हो पाई है; यदि हां, तो ब्यौरा पाठशालावार कारणों सहित दें;

(ग) यह भी सत्य है कि इस धनराशि को विभाग द्वारा वापिस लिया जा रहा है;

(घ) यदि हां, तो कितनी धनराशि वापिस हो गई है तथा कितनी शेष है; और

(ङ) सरकार क्या इस धनराशि को उन्हीं पाठशालाओं को वापिस करवाने के आदेश देगी?

----

## पदक विजेता खिलाड़ी

1724 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) Special Olympic World Summer Games 2015 में प्रदेश के कितने खिलाड़ियों ने भाग लिया; ब्यौरा नाम व पते सहित दें;

(ख) इनमें से कितने खिलाड़ियों ने कौन-कौन से पदक जीते; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ग) सरकार ने इन खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने हेतु क्या-क्या कदम उठाए; ब्यौरा खिलाड़ीवार दें?

----

## धनराशि का आबंटन

1725 **डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत चार वर्षों में जिला सिरमौर कृषि एवं भू-संरक्षण विभाग द्वारा किस-किस मद में कितनी-कितनी धनराशि व्यय की गई तथा कितने किसान लाभान्वित हुए; ब्यौरा नाम व दिए गए लाभ व उसकी राशि सहित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें; और

(ख) जिला सिरमौर में प्रतिवर्ष हजारों बीघा भूमि पानी की चपेट में आकर बह रही है; भूमि कटाव को रोकने के लिए भू-संरक्षण विभाग द्वारा क्या-क्या पग उठाए गए; ब्यौरा कार्य पर व्यय किए गए धन का गांव के नाम एवं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

----

## भवन निर्माण

1726 **श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि विकास खण्ड पांवटा साहिब के अन्तर्गत ग्राम पंचायत शिल्ला में महिला मण्डल भवन का निर्माण हुआ है; और

(ख) यदि हां, तो इसके निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत है और कितनी व्यय की गई; कब तक निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## सड़क निर्माण

1727 **श्री सुरेश कुमार(पच्छाद) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जिला सिरमौर में बधामण घाट-लाना-मियूं सड़क का निर्माण कब प्रारम्भ किया गया और दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक इस पर कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है;

(ख) इसका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; और

(ग) चन्दोल-जालग-दरावला सड़क का निर्माण कब किया गया तथा इसका उद्घाटन कब व किसके द्वारा किया गया; ब्यौरा दें?

----

## ढारू-कबाल-बादली सड़क

1728 **श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि ढारू-कबाल-बादली सड़क का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा इसका उद्घाटन भी कर दिया गया है;

(ख) इस सड़क की Passing कर दी गई है; यदि हां, तो कितनी Seater Bus के योग्य सड़क बनी है; और

(ग) Passing Committee में कौन-कौन अधिकारी थे; ब्यौरा दें?

----

## पुल निर्माण

1729 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत जियन्ता पंचायत में सकरेश खड्ड के पुल के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; इसके निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा कितनी व्यय की गई और इसका कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

----

## लाहडू-चुवाड़ी सड़क

1730 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत चार वर्षों में भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लाहडू-चुवाड़ी पर

कालीघार के सुधार हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; और

(ख) दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक इस सड़क पर कितनी धनराशि व्यय की गई तथा इसके सुधार हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; इस कार्य का आबंटन किस ठेकेदार को किया गया; ब्यौरा दें?

----

## धनराशि का व्यय

1731 **श्री राम कुमार (दून)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला सोलन के बद्दी एवं सन्डोली में निर्माणाधीन क्रमशः इन्डोर स्टेडियम व ऑडिटोरियम पर कितनी धनराशि व्यय की जानी प्रस्तावित है; ब्यौरा दें?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**

**दिनांकः 15 मार्च, 2017.** **सचिव।**